# राज्यपाल और मुख्यमंत्री आज उज्जैन को देंगे सौगात

**राज्य ब्यूरो नईदुनिया, भोपालः** राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंगलवार, 17 मार्च को उज्जैन में 77 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले गीता भवन का भूमि-पूजन करेंगे।

इसके साथ ही उज्जैन विकास प्राधिकरण द्वारा नगर विकास योजनाओं एवं सिंहस्थ 2028 के अंतर्गत 662.46 करोड़ रुपए की लागत से किए जा रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का भी भूमि-पूजन किया जाएगा।

**नगर विकास योजनाएँः** नगर विकास योजना ग्राम नीमनवासा, धतरावदा और लालपुर में 473.32 हेक्टेयर क्षेत्र में विकसित की जा रही है। इसमें लगभग 35 किलोमीटर की 24 मीटर और 30 मीटर चौड़ी सीसी रोड, सीवर लाइन, वॉटर लाइन, स्थायी अंडरग्राउंड विद्युतीकरण, स्ट्रीट लाइटिंग जैसी आधुनिक सुविधाओं का निर्माण शामिल है। इस परियोजना पर कुल 160.39 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

**प्रमुख निर्माण कार्यः** विक्रम नगर आरओबी का निर्माण 30.68 करोड़ रुपए की लागत से किया जा रहा है। यह आरओबी विक्रम उद्योगपुरी के पास एमआर-5 से नगर विकास योजना क्रं.-03, 04, 05 और 06 को जोड़ने का काम करेगा। आरओबी निर्माण से रेलवे लाइन क्रॉसिंग से शहर को जोड़ने और सिंहस्थ के दौरान मक्सी एवं देवास से आने वाले यातायात को सुगमता प्रदान करने में मदद मिलेगी।

**सिंहस्थ मेला कार्यालय भवनः** नवीन सिंहस्थ मेला कार्यालय भवन का भूमि-पूजन भी होगा, जिसकी लागत 29.84 करोड़ रुपए है। यह भवन 63 हजार वर्गफीट क्षेत्रफल में बनेगा और इसमें एकीकृत कमान एवं नियंत्रण केंद्र स्थापित होगा। मेला के दौरान यह भवन व्यवस्थाओं के प्रभावी प्रबंधन और नियंत्रण में सहायक होगा। इस समारोह से उज्जैन में विकास और सिंहस्थ की तैयारियों को गति मिलेगी।

# राजधानी में तीन दिवसीय 'नागरिक सुरक्षा समागम-2026' का शुभारम्भ



**राज्य ब्यूरो नईदुनिया, भोपालः** मध्यप्रदेश सिविल डिफेंस प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत तीन दिवसीय 'नागरिक सुरक्षा समागम-2026' का सोमवार को होमगार्ड लाइन, जेल रोड भोपाल में शुभारम्भ हुआ। इस समागम की मुख्य आतिथ्य महानिदेशक होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन मध्यप्रदेश श्रीमती प्रज्ञा ऋचा श्रीवास्तव ने की। कार्यक्रम 16 से 18 मार्च 2026 तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें प्रदेशभर से आए नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों के लिए आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण, रेस्क्यू डेमो, विभिन्न प्रतियोगिताएं और खेल गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

महानिदेशक श्रीमती प्रज्ञा ऋचा ने कहा कि नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक आपदा प्रबंधन और आंतरिक सुरक्षा में शासन-प्रशासन के महत्वपूर्ण सहयोगी हैं। उन्होंने बताया कि उनके प्रशिक्षण और तत्परता से संकट की घड़ी में समाज को सुरक्षा कवच प्राप्त होता है। समागम में स्वयंसेवकों ने आपदा प्रबंधन और बचाव कार्यवाहियों के लाइव डेमो प्रस्तुत किए तथा आधुनिक बचाव उपकरणों का प्रदर्शन किया, आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया और समन्वित कार्यवाही की झलक मिली।

सिविल डिफेंस अधिनियम 1968 एवं सिविल डिफेंस रेगुलेशन 1968 के तहत स्वयंसेवकों का नामांकन किया जाता है। इसमें आम नागरिकों के साथ पूर्व सैनिक, एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस सदस्य और निजी सुरक्षा कर्मी शामिल होते हैं। प्रदेश के सभी जिलों में सिविल डिफेंस टाउन घोषित हैं, जहां जिला कलेक्टर पदेन कंट्रोलर के रूप में कार्य करते हैं। स्वयंसेवकों को आपदा प्रबंधन, अग्नि सुरक्षा, यातायात व्यवस्था और नागरिक सुरक्षा सेवाओं का 7 दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।

नागरिक सुरक्षा संगठन का उद्देश्य आपातकालीन परिस्थितियों में जीवन और संपत्ति की रक्षा, आवश्यक सेवाओं का संचालन और जनमानस का मनोबल बनाए रखना है। शांति के समय यह संगठन सुरक्षा उपायों की जागरूकता करता है, जबकि आपदा में खोज एवं बचाव, प्राथमिक उपचार, भीड़ नियंत्रण, राहत वितरण और मनोसामाजिक सहायता में प्रशासन का सहयोग करता है।

इस अवसर पर संभागायुक्त भोपाल संजीव सिंह, पुलिस कमिश्नर संजय कुमार, उप पुलिस महानिरीक्षक एसडीईआरएफ मनीष कुमार अग्रवाल सहित वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी और होमगार्ड जवान उपस्थित थे। समागम में लगभग 500 से अधिक सिविल डिफेंस वॉलंटियर, डिवीजन वार्डन और पोस्ट वार्डन ने भाग लिया, जो प्रदेश की आपदा प्रबंधन क्षमता को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।

## आदमपुर कचरा खंती में भीषण आग

**नप्र, भोपालः** आदमपुर स्थित कचरा खंती में सोमवार दोपहर अचानक आग लग गई। आग की लपटें करीब 20 फीट ऊपर उठ गईं और धुएं का घना गुबार 10 किलोमीटर दूर से भी देखा गया। घटना शाम लगभग 4 बजे हुई। तेज हवा के कारण आग तेजी से फैल गई और कचरे के ढेर को अपनी चपेट में ले लिया। निगम के अनुसार, दमकल कर्मियों ने शाम साढ़े 6 बजे तक आग पर काबू पा लिया, लेकिन धुआं लगातार निकलता रहा। आग इतनी भीषण थी कि उसे समय पर नियंत्रित करना मुश्किल हो गया। आदमपुर कचरा खंती में हर साल आगजनी की घटनाएं होती हैं। यहां स्थायी रूप से दमकल कर्मियों को तैनात किया गया है, आग इतनी तेजी से फैल जाती है कि कभी-कभी इसे समय रहते पूरी तरह बुझाना संभव नहीं होता।

# जल गंगा संवर्धन अभियान 19 मार्च से आरंभ होगा

**राज्य ब्यूरो नईदुनिया, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जल प्रकृति का अमूल्य उपहार है और इसे बचाना हर नागरिक की जिम्मेदारी है।

प्रदेश में जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए 19 मार्च से राज्य स्तरीय 'जल गंगा संवर्धन अभियान' शुरू किया जाएगा। भारतीय नववर्ष प्रतिपदा के अवसर पर उज्जैन स्थित शिप्रा नदी के तट से इस अभियान का शुभारंभ किया जाएगा, जो 30 जून तक चलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश नदियों का मायका है और जल आत्मनिर्भरता के माध्यम से ही प्रदेश को समृद्ध बनाया जा सकता है। सरकार चाहती है कि हर गांव, हर शहर और हर नागरिक जल संरक्षण के प्रयासों से जुड़े। समाज और सरकार के संयुक्त प्रयासों से मध्यप्रदेश जल संचयन और प्रबंधन के क्षेत्र में देश के लिए एक आदर्श राज्य बन सकता है।

उन्होंने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान का उद्देश्य जल संरक्षण को एक सामाजिक आंदोलन बनाना है। इस अभियान के तहत प्रदेश भर में तालाब, कुएं और बावड़ियों की सफाई, जल स्त्रोतों का संरक्षण, वर्षा जल संचयन और भूजल पुनर्भरण जैसे कार्य किए जाएंगे। पंचायतों, स्वयंसेवी संगठनों और विभिन्न शासकीय विभागों की सक्रिय भागीदारी से यह अभियान व्यापक स्तर पर संचालित होगा।

उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि गांव-गांव में श्रमदान कर जल स्त्रोतों की सफाई करें और अपने घरों में वर्षा जल संचयन की व्यवस्था करें।

# विद्यार्थी को राष्ट्र निर्माण की गतिविधि से जोड़ने में अग्रणी भूमिका निभाता है एनएसएस



**राज्य ब्यूरो नईदुनिया, भोपालः** भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय नई दिल्ली के राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना सम्मेलन 2026 का भोपाल में आयोजन किया जा रहा है। दो दिन 16 एवं 17 मार्च 2026 तक चलने वाले इस सम्?मेलन का सोमवार को अपर मुख्?य सचिव उच्?च शिक्षा श्री अनुपम राजन द्वारा शुभारंभ किया गया। सम्मेलन विकसित भारत के पुनरुत्थान में राष्ट्रीय सेवा योजना का योगदान विषय पर आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर एसीएस अनुपम राजन ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधि में जुड़ना एक विद्यार्थी के लिए सौभाग्य का अवसर होता है। यह विद्यार्थी को राष्ट्र निर्माण की गतिविधि से जोड़ने में अग्रणी भूमिका निभाता है। श्री राजन ने राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा किया जा रहे सेवा कार्यों की प्रशंसा की।

कार्यक्रम में सलाहकार एवं क्षेत्रीय निदेशक राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ. अशोक कुमार श्रोती, डॉ. राजकुमार वर्मा, समन्वयक डॉ. शेखर, शासकीय माधव महाविद्यालय ग्वालियर के प्राचार्य डॉ. शिवकुमार शर्मा, सुधाकर कुशवाह, नई दिल्ली, एसडीएम शैलेंद्र सिंह, सतना सहित राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवक, कार्यक्रम अधिकारी, प्राचार्य, जिला संगठक, कार्यक्रम समन्वयक उपस्थित रहे।

# मुस्लिम त्योहार कमेटी ने फतवे को बताया गलत

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** ईद की नमाज से कुछ दिन पहले सोशल मीडिया पर सामने आए एक फतवे को लेकर भोपाल में विवाद गहरा गया है।

दारुल इफ्ता जामे एहतमाम मसाजिद कमेटी द्वारा जारी इस फतवे में यह सवाल उठाया गया कि प्रोस्टेट बीमारी से पीड़ित शहर काजी को नमाज पढ़ाना चाहिए या नहीं। ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी ने इसे गलत बताया और कहा कि यह फतवा शहर काजी मुश्ताक अली नदवी को निशाना बनाकर जारी किया गया।

कमेटी के संरक्षक शमशुल हसन ने कहा कि काजी साहब पूरी तरह स्वस्थ हैं और नमाज पढ़ रहे हैं। हसन ने आरोप लगाया कि सोशल मीडिया पर फतवा वायरल करने से अनावश्यक विवाद खड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि फतवे का विषय सही नहीं है और इसे बिना जांच के फैलाना कई सवाल खड़े करता है।

## फरार वारंटी की तलाश में 10 हजार का इनाम

राजधानी में फरार चल रहे नवाब सेंटिंग वाला पिता सैयद साजिद अली की तलाश में थाना स्टेशन बजरिया पुलिस ने आमजन से मदद की अपील की है। पुलिस ने आरोपी की जानकारी देने या पकड़वाने वाले को 10 हजार रुपए का इनाम देने की घोषणा की है। पुलिस के अनुसार, आरोपी उम्र लगभग 58 साल है और मूल रूप से बाग फरहत अफजा थाना ऐशबाग का निवासी है। वर्तमान में वह गैस राहत कॉलोनी थाना निशातपुरा क्षेत्र में रह रहा है। वह लंबे समय से फरार चल रहा है और उसके खिलाफ वारंट जारी है। पुलिस ने कहा कि सूचना देने वाले का नाम पूरी तरह गोपनीय रखा जाएगा। आरोपी के संबंध में तत्काल पुलिस कंट्रोल रूम भोपाल या थाना बजरिया में सूचित करने की अपील की गई है।

# संतनगर में सिन्धी समाज सेवा ट्रस्ट को सौंपा 'स्वर्ग रथ'



**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः** मानव सेवा के क्षेत्र में पिछले 20 वर्षों से सक्रिय सिन्धी समाज सेवा ट्रस्ट के सेवा प्रकल्पों में आज एक और महत्वपूर्ण कड़ी जुड़ गई है । संत नगर और आसपास के विशाल क्षेत्र की मांग को देखते हुए सुशील वासवानी परिवार द्वारा ट्रस्ट को एक नया शांति वाहन (स्वर्ग रथ) दान किया गया है । सोमवार को दशहरा मैदान पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक रामेश्वर शर्मा की उपस्थिति में यह वाहन समाज को समर्पित किया गया ।

अब एक साथ दो शव यात्राओं में नहीं होगी परेशानी


ट्रस्ट के अध्यक्ष सुशील वासवानी ने बताया कि वर्तमान में ट्रस्ट के पास अब दो शांति वाहन, एक एम्बुलेंस, आठ मरचुरी बॉक्स और उन्हें पहुंचाने के लिए एक समर्पित वाहन उपलब्ध है । उन्होंने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि इस नए वाहन के आने से अब क्षेत्र में एक ही समय पर दो अलग-अलग शव यात्राओं के लिए वाहन आसानी से उपलब्ध हो सकेंगे, जिससे शोक संतप्त परिवारों को प्रतीक्षा नहीं करनी होगी ।सेवा के लिए 24 घंटे उपलब्ध हैं

विधायक रामेश्वर शर्मा ने वासवानी परिवार की प्रशंसा करते हुए कहा कि नारायणदास वासवानी के समय से ही यह परिवार परोपकार के कार्यों में अग्रणी रहा है । उन्होंने सरकारी सेवाओं की तुलना में ट्रस्ट की सेवाओं को अधिक विश्वसनीय बताया और कहा कि समय की पाबंदी ट्रस्ट की सबसे बड़ी विशेषता है । ट्रस्ट की सेवाएं सभी धर्मों के लोगों के लिए 24 घंटे उपलब्ध रहती हैं । रामचन्द सभनानी और मांधू चांदवानी की भी सराहना की गई, जो आधी रात को भी सेवाएं देने के लिए तत्पर रहते हैं ।

विधायक रामेश्वर शर्मा ने क्षेत्र के विकास कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि फाटक रोड का फ्लाईओवर शीघ्र ही शुरू कर दिया जाएगा । उन्होंने आश्वस्त किया कि निर्माण कार्य के दौरान जिन व्यापारियों को नुकसान हुआ है, शासन उनके हितों का पूरा ध्यान रखेगा और उनके लिए उचित कार्य किए जाएंगे ।

ट्रस्ट की इन सेवाओं का लाभ संत नगर सहित निम्नलिखित क्षेत्रों की लाखों की आबादी को मिलेगा:विजय नगर, लालघाटी, पंचवटी और दाता कॉलोनी ।एयरपोर्ट रोड, हलालपुरा, सावन नगर और कैलाश नगर ।

# संत वासूराम साहिब जी का 238वां जन्मोत्सव 24 से



**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः** संत वासूराम साहिब जी का 238वां जन्मोत्सव श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। संत वासूराम सनातन दरबार में महोत्सव 24 से 27 मार्च 2026 तक चलेगा। कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलवार, 24 मार्च को सायं 5 बजे श्री अखंड पाठ साहिब के साथ होगा, जिसके पश्चात बहराणा साहिब की ज्योत, छेज और रात्रि में माता का जागरण आयोजित किया जाएगा। उत्सव के दूसरे दिन बुधवार को सुबह आशादीवार व सत्संग के साथ शाम को स्वामी शांतिप्रकाश आश्रम की दादी विद्यादेवी का सत्संग और रात्रि में म्यूजिकल पार्टी का आनंद श्रद्धालु ले सकेंगे।गुरुवार, 26 मार्च को सुबह 10 बजे 51 बच्चों का सामूहिक जनेऊ संस्कार होगा, जो भाई साहिब पुरुषोत्तम लाल जी की हुजूरी में आचार्य पंडित जय कुमार शर्मा द्वारा वैदिक रीति-रिवाज से संपन्न कराया जाएगा। इसी दिन दोपहर में श्री दुआ साहिब, भंडारा साहिब और शाम को भोग एवं श्रीलोली साहिब के कार्यक्रम होंगे, जबकि रात्रि में नागपुर के साईं कमल कुमार व साईं सनी कुमार और ग्वालियर के कमल खत्री अपनी प्रस्तुतियां देंगे। उत्सव का समापन शुक्रवार, 27 मार्च को प्रातः 8 बजे विशेष पल्लव प्रार्थना के साथ होगा, जिसमें गद्दीनशीन भाई साहिब पुरुषोत्तम लाल वासवानी देश की खुशहाली और समाज की तरक्की के लिए अरदास करेंगे।

# भगवान को भी होती है भक्त से मिलने की तड़पः कृपाशंकर



**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः** संत नगर में मातृभूमि संस्थान के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का रविवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ भव्य समापन हुआ। कथा के अंतिम दिन आचार्य कृपा शंकर महाराज ने भक्ति की गहराई और भगवान-भक्त के अनूठे संबंध पर प्रकाश डाला।

कथा व्यास आचार्य कृपा शंकर महाराज ने सुदामा चरित्र का मार्मिक वर्णन करते हुए कहा कि सच्ची भक्ति में दिखावे की कोई जगह नहीं होती। उन्होंने मित्रता के आदर्श को समझाते हुए बताया: भगवान और भक्त का रिश्ता केवल प्रेम, विश्वास और पूर्ण समर्पण पर टिका होता है। सुदामा जी ने कभी प्रभु से कुछ नहीं माँगा, फिर भी श्रीकृष्ण ने उनके बिना कहे ही उन्हें सुख-समृद्धि से सराबोर कर दिया। सादगी और श्रद्धा ही ईश्वर तक पहुँचने का सबसे सरल मार्ग है। कथा के समापन पर पंडाल में 'ब्रज की होली' का विशेष आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने फूलों और गुलाल के साथ राधा-कृष्ण के जयकारों के बीच होली खेली। पूरा वातावरण 'राधे-राधे' की गूँज से भक्तिमय हो गया। इसके पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में विकास वीरानी पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा, राजेंद्र राजपूत प्रदेश मंत्री, पियूष सिसोदिया मंडल अध्यक्ष, तेजुमल भाऊ (हरछुराम दरबार), हीरेंद्र बहादुर सिंह, अनिल पचौरी, : प्रियंका मिश्रा (पार्षद), कुसुम चतुर्वेदी (पार्षद), कला रजक, सीमा लालवानी, कमल विधानी, राज मेहता, जीतू कटारिया और कुंवर नितेश सिंह तंवर शामिल हुए।

## नेता प्रतिपक्ष ने केंद्रीय वित्त मंत्री को लिखा पत्र

**भोपालः** प्रदेश में बड़े पैमाने पर संगठित तरीके से हो रही जीएसटी चोरी को लेकर प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर पूरे मामले की केंद्रीय स्तर पर व्यापक जांच कराने और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है। श्री सिंघार ने अपने पत्र में दावा किया है कि विभिन्न राज्यों से मध्य प्रदेश में एक संगठित नेटवर्क के माध्यम से बड़े पैमाने पर बिना वैध कर भुगतान के माल की आवाजाही और व्यापार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी निष्पक्ष जांच केंद्रीय स्तर पर कराई जाना आवश्यक है। श्री सिंघार ने सोमवार को बताया कि गुजरात, महाराष्ट्र और दक्षिण भारत के कुछ राज्यों से आयरन, निर्माण सामग्री और मसालों सहित अन्य व्यापारिक वस्तुएं बड़ी मात्रा में ट्रकों के माध्यम से मप्र लाकर प्रदेश के विभिन्न जिलों में खपाई जा रही हैं।

# लोकतंत्र की जीवंतता के लिए वैचारिक विविधता आवश्यक : सबनानी




**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** विधायक भगवानदास सबनानी ने पं. कुंजीलाल दुबे संसदीय विद्यापीठ में आयोजित विश्वविद्यालयीन एवं महाविद्यालयीन स्तर की वाद-विवाद प्रतियोगिता में कहा कि लोकतंत्र की जीवंतता के लिए वैचारिक विविधता आवश्यक है, लेकिन क्षेत्रीय दलों की सक्रियता हमेशा राष्ट्रहित की परिधि में रहनी चाहिए।

संसदीय कार्य विभाग के तत्वावधान में 'क्या संसदीय लोकतंत्र में क्षेत्रीय दलों की बढ़ती भूमिका राष्ट्रीय एकता के लिए खतरा है?' विषय पर आयोजित इस प्रतियोगिता में युवाओं ने संसदीय लोकतंत्र के विभिन्न पहलुओं पर प्रखरता से अपने विचार रखे। मुख्य अतिथि के रूप में श्री सबनानी ने कहा कि इस तरह के आयोजन युवाओं में संवैधानिक मूल्यों और लोकतांत्रिक चेतना को जाग्रत करने का सशक्त माध्यम हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. देव आनंद हिंडोलिया और संसदीय कार्य विभाग के अपर सचिव राजेश गुप्ता उपस्थित थे।

प्रतियोगिता में 17 शिक्षण संस्थानों के 33 प्रतिभागियों ने पक्ष और विपक्ष में अपने तर्क प्रस्तुत किए। निर्णायक मंडल में प्राध्यापक डॉ. अखिलेश शर्मा, सेवानिवृत्त अपर सचिव श्री पुनीत श्रीवास्तव और वरिष्ठ पत्रकार श्री संजय दुबे शामिल थे। पक्ष में सुश्री अनियरा शर्मा ने प्रथम स्थान (9,000/-), रौनक पांचाल ने द्वितीय (7,500 रुपये) और ईशा मिश्रा ने तृतीय स्थान (6,000/-) प्राप्त किया। विपक्ष में सुश्री विधि शुक्ला ने प्रथम स्थान (9,000/-), आयोली बाजपेयी ने द्वितीय (7,500/-) और मेघा नाथानी ने तृतीय स्थान (6,000/-) अर्जित किया। प्रोत्साहन पुरस्कार 3,000 प्रत्येक के रूप में कार्तिका यादव और प्रिंसी को प्रदान किए गए।

## सतपुड़ा टाइगर रिजर्व को...

# यूनेस्को विश्व धरोहर सूची में शामिल कराने कार्यशाला



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** वन्य जीव संस्थान देहरादून द्वारा ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क कंज़र्वेशन एरिया (जीएचएनपीसीए), साईरोपा कुल्लू (हिमाचल प्रदेश) में 2 दिवसीय परामर्श कार्यशाला का आयोजन 15-16 मार्च को किया गया।

कार्यशाला में मध्यप्रदेश टाइगर फाउंडेशन बोर्ड (एमपीटीबी) द्वारा वित्त पोषित परियोजना के अंतर्गत सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के लिए तैयार किए जा रहे नामांकन डोजियर की समीक्षा की गई। डोजियर सतपुड़ा टाइगर रिजर्व को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल कराने के लिए तैयार किया जा रहा है। यह पहल सतपुड़ा क्षेत्र की वैश्विक स्तर पर पहचान स्थापित करने के साथ-साथ इसके संरक्षण, जैव विविधता संवर्धन और सतत पर्यटन को भी नई दिशा प्रदान करेगी।

कार्यशाला में नामांकन डोजियर की प्रगति, आवश्यक दस्तावेज़ीकरण तथा अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। इसमें वन्य जीव वैज्ञानिकों, विषय-विशेषज्ञों और संबंधित संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल हुए। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व को वर्ष 2021 में यूनेस्को की टेंटेटिव लिस्ट में शामिल किया गया था। इसे प्राकृतिक मानदंड के अंतर्गत विश्व धरोहर सूची में शामिल किए जाने के लिए प्रस्तावित किया गया है। इन मानदंडों के अंतर्गत क्षेत्र की अद्वितीय प्राकृतिक सुंदरता, पारिस्थितिकी तंत्र, जैव-विकास प्रक्रियाओं का संरक्षण एवं समृद्ध जैव-विविधता और वन्य जीव आवासों का महत्व प्रमुख हैं।

# संदिग्ध हालात में युवक की मौत हत्या की आशंका

**भोपालः** कजलीखेड़ा थाना इलाके में रहने वाले केमिस्ट पदम सोलंकी (42) की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। सोमवार तड़के उनकी बॉडी घर में मिली। परिजनों के अनुसार मृतक के हाथ पर जलने जैसे फफोले और सिर में चोट के निशान थे। पीठ पर नील के निशान भी देखे गए। पदम सोलंकी अरेरा कॉलोनी के एक अस्पताल के मेडिकल स्टोर में काम करते थे। उनकी पत्नी और दो बेटे पिछले एक साल से उनसे अलग रह रहे थे। परिवार में विवाद और अकेलेपन के कारण पदम डिप्रेशन में थे और शराब का सेवन करने लगे थे। भतीजे महेंद्र सोलंकी ने चाची पर आरोप लगाया कि शरीर पर चोटें हत्या की आशंका जताती हैं। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत के सही कारणों का खुलासा होगा और जांच की दिशा तय की जाएगी।

**NAME OF CHANGE**

My old name was ARWA. Written in My Passport. I have added Surname with my name. Now My new & complete name is known as ARWA TINWALA W/O ALI ASGAR. Resident Flat No.F.F. 8, Safire Heights A-22, behind TVS Showroom, Housing Board Colony, Kohefiza Bhopal (M.P.)

3973

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राहुल सराओगी आत्मज श्री सुरेश कुमार सराओगी, निवासी-प्लाट नं. 129, तृतीय तल, टी 01. बिहाइण्ड छप्पन भोग, मालवीय नगर, भोपाल है। यह कि मेरे पुत्र का नाम पूर्व में शास्वत सराओगी (SHASWAT SARAOGI) है जो कि उसके पासपोर्ट पर दर्ज है, मैं अपने पुत्र का नाम स्वेच्छा से शाश्वत सराओगी (SHASHWAT SARAOGI) करना चाहता हूँ, जो कि उसके आधार कार्ड पर दर्ज है, तथा मेरा पुत्र भविष्य में भी इसी नाम से जाना व पहचाना जायेगा।

3971